<u>प्रेस-नोट</u>

<u>थाना चिरगांव</u>

**दिनांक- 23.12.2024**

**चोरी की एक पड़िया (भैंस का बच्चा), अवैध तमंचा-कारतूस एवं घटना में प्रयुक्त वाहन कार सहित शातिर चोर गिरफ्तार-**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी के कुशल निर्देशन एवं सतत मार्गदर्शन में अपराध व अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में थाना चिरगाँव पुलिस द्वारा कार में लादकर ले जा रहे एक पड़िया व अवैध असलहा-कारतूस सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग में समुचित धाराओं का समावेश करते हुये विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>संक्षिप्त विवरण-</u>**

**दिनांक 23.12.2024 की रात्रि में ग्राम सिया निवासी श्री शिवराज यादव उर्फ प्रदुमन पुत्र श्री जुझार सिंह के बाडे में बंधी पड़िया को सफेद रंग की कार सवार चार अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर कार में लादकर फरार हो जाने के सम्बन्ध में वादी श्री शिवराज यादव उर्फ प्रदुमन उपरोक्त द्वारा थाना हाजा पर मु0अ0स0 415/24 धारा 305 बी.एन.एस. बनाम सफेद रंग की कार सवार चार अज्ञात चोरों के विरुद्ध पंजीकृत कराया गया था। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री बीरपाल सिंह द्वारा की जा रही है। विवेचना के क्रम में दौराने गस्त / भ्रमण दिनांक 23.12.2024 को थाना चिरगाँव पुलिस द्वारा प्रातः करीब 04:45 बजे ग्राम सिया में स्थित शराब ठेका के सामने सन्दिग्ध अवस्था मे खड़ी कार मे लदी वादी उपरोक्त की पड़िया (भैंस का बच्चा) सहित अभियुक्त अजमत उर्फ सोनू कुरैशी पुत्र कल्ला कुरैशी निवासी सैयर गेट बाहर, ओरछा गेट बाहर थाना कोतवाली नगर जनपद झाँसी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से एक अदद तमन्चा देशी 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-</u>**

अजमत उर्फ सोनू कुरैशी पुत्र कल्ला कुरैशी निवासी सैयर गेट बाहर,ओरछा गेट बाहर थाना कोतवाली नगर जनपद झाँसी

**<u>बरादमगी का विवरण-</u>**

1- एक पड़िया (भैंस का बच्चा), एक अदद तमन्चा देशी 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर एवं घटना मे प्रयुक्त एक अदद कार इटियोज नम्बर UP14 BR2865

**<u>गिरफ्तारी का स्थान व समय</u>-** ग्राम सिया मे स्थित शराब ठेका व दिनांक 23.12.2024 प्रातः करीब 04:45 बजे

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीमः</u>**

**1-** उ0नि0 श्री बीरपाल सिंह थाना चिरगांव जनपद झांसी

**2-** उ0नि0 श्री विरेन्द्र सिंह थाना चिरगांव जनपद झांसी

**3**. उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह थाना चिरगांव जनपद झांसी

**4**.हे0का0 326 अभिषेक कुमार थाना चिरगांव जनपद झांसी